NBT
नवभारत टाइम्स

हिसार में नकली घी बनाने वाली 2 फैक्टरियों पर छापा

विशेष संवाददाता, चंडीगढ़दूध-दही की नदियां बहाने के लिए मशहूर हरियाणा में नकली घी बनाने वाली दो फैक्ट्रियों को भंडाफोड़ हुआ है। फैक्ट्रियां प्रदेश ...

30 Mar 2017, 06:30:00 AM IST

विशेष संवाददाता, चंडीगढ़

दूध-दही की नदियां बहाने के लिए मशहूर हरियाणा में नकली घी बनाने वाली दो फैक्ट्रियों को भंडाफोड़ हुआ है। फैक्ट्रियां प्रदेश के गुप्तचर विभाग के सीएम फ्लाइंग स्कवॉयड की स्पेशल विंग ने छापे के दौरान पकड़ी। इसके अलावा 7 बसों के चालान किए गए और 23686 बोतल देसी शराब की बरामद की गई।

हिसार जिले में मिर्जापुर रोड पर स्थित डेरी और श्याम विहार कॉलोनी इंडस्ट्रीयल एरिया में शिव ट्रेडिंग कंपनी के नाम से चलाई जा रही फैक्टरी पर छापे मारकर घी के सैंपल लिए गए थे। पुरानी दूध डेरी में चलाई जा रही नकली घी बनाने की फैक्टरी से 100 टीन प्रोटो वनस्पति (15 किलोग्राम प्रति टीन), 32 टीन वनस्पति (15 किलोग्राम प्रति टीन), 13 टीन रिफाइंड तेल (15 किलोग्राम प्रति टीन), 9 पेटी मधु संधा घी (15 किलोग्राम प्रति टीन), 67 किलोग्राम मधु संधा घी (1-1 किलोग्राम की पैकिंग), 7 किलोग्राम मधु संधा घी (खुला), 42 पेटी मधु संगम (15 किलोग्राम प्रति पेटी), 14 किलोग्राम डालडा घी के पैकेट और 6 बड़े गैस सिलेंडर बरामद किए गए।

इसी तरह शिव ट्रेडिंग कम्पनी नामक फैक्टरी से 10 टीन घी बिना मार्का लोहे के टीन में व 18 टीन घी बिना मार्का प्लास्टिक के डिब्बे में (15 किलोग्राम प्रति टीन), 25 किलोग्राम श्री भारत घी एक-एक किलाग्राम की पैकिंग, 10 किलोग्राम घी बिना मार्का एक-एक किलोग्राम की पैकिंग, 01 पेटी संघ देसीघी (15 किलोग्राम प्रति पेटी), 27 डिब्बे कन्हैया किंग घी (15 किलोग्राम प्रति डिब्बा), 97 किलोग्राम कन्हैया किंग घी (900 ग्राम की पैकिंग), 3 डिब्बे डेरी संघ (16 किलोग्राम प्रति डिब्बा), 10 टीन वनस्पति (15 किलोग्राम प्रति टीन), 11 टीन विभोर रिफाइंड सोयाबीन तेल (15 किलोग्राम प्रति टीन), 8 टीन महाकोष रिफाइंड सोयाबीन तेल (15 किलोग्राम प्रति टीन), 1 टीन किंग सोयाबीन टीन (15 किलोग्राम प्रति टीन), 100 टीन खाली (5 किलोग्राम), 200 टीन खाली (1 किलोग्राम), 50 टीन खाली (2 किलोग्राम), 6 घरेलू सिलिंडर, 2 कमर्शल सिलिंडर और दो बड़े टब बरामद किए गए।

विंग ने कुरुक्षेत्र में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया व उसके कब्जे से 84 बोतल देसी शराब बरामद की गई। इसी तरह की कार्रवाई जींद जिले में की गई जबकि अन्य जगह पर जूआ खेलते लोग पकड़े गए।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/chandigarh/print-2-factories-making-fake-ghee-in-hissar/articleshow/57898044.cms?utm_source=tw&utm_medium=Twitter&utm_campaign=web